

नवभारत 04
इंदौर, मंगलवार, 4 अगस्त 2026

सावन के पहले सोमवार शिवालयों में उमड़ी आस्था

नवभारत न्यूज

खरगोन। सावन के पहले सोमवार शहर सहित अंचल के सभी शिवालयों में शिव भक्ति की बयार ही। सुबह से ही श्रद्धालुजन भगवान शिव के दर्शन और पूजन के लिए मंदिरों में पहुंचने लगे थे। मंदिरों में हर-हर महादेव और जय शिव शंभू के जयकारे गूंजते रहे, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

भक्तों ने शिवलिंग पर जल, दूध, बेलपत्र, धतूरा, आंकड़े के फूल, भांग आदि अर्पित कर अपनी श्रद्धा प्रकट की। मान्यता है कि सावन मास में भगवान शिव की पूजा-अर्चना करने से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। इसी विश्वास के साथ बड़ी संख्या में भक्त मंदिरों में उमड़े।

कई स्थानों पर रुद्राभिषेक और महामृत्युंजय मंत्र का जाप भी किया गया। कुंदा नगर स्थित प्रमुख शिवालय में दिलीप पालीवाल ने अपनी पत्नी के साथ विधि-विधान से रुद्राभिषेक किया। इस दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विशेष पूजा-अर्चना की गई। यह अनुष्ठान सुबह से आरंभ होकर दोपहर तक चला, जिसमें अनेक श्रद्धालुओं ने भागीदारी की।

इसी तरह शहर के सिद्धनाथ महादेव मंदिर, श्री मेलडेरेश्वर महादेव मंदिर में भी दिनभर जलाभिषेक और दुग्धाभिषेक का दौर चलता रहा। मंदिर परिसर में भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं, जहां सभी अपनी बारी का इंतजार करते दिखे। सावन के पहले सोमवार को लेकर भक्तों में अपार उत्साह देखने को मिला। मंदिरों को विशेष रूप से सजाया गया था। रात्रि के समय आकर्षक विद्युत सज्जा आकर्षण का केंद्र रही।

खरगोन शहर के प्राचीन मंदिर

शहर के अतिप्राचीन श्री सिद्धनाथ महादेव मंदिर, कसरावद रोड़ स्थित श्री मेलडेरेश्वर महादेव मंदिर, डीआरपी स्थित श्री नीलकंठेश्वर महादेव, नूतन नगर स्थित पंचमुखी महादेव मंदिर, कृषि उपज मंडी स्थित आशुतोष महादेव, जैतापुर स्थित ऋणमुक्तेश्वर महादेव मंदिर सहित सराफा बाजार स्थित श्री नीलकंठ मंदिर, कुंदा नदी तट स्थित श्रीबड़घाटेश्वर मंदिर, बाकी माता पथ स्थित श्री महाबलेश्वर मंदिर, कुंदा नदी तट स्थित काला देवल व महाकाल मंदिर, ज्योति नगर स्थित श्री ज्योतेश्वर महादेव मंदिर आदि शिवालयों में श्रद्धालुओं द्वारा भगवान भोलेनाथ का पूजन-अर्चन व अभिषेक किया गया।

पेड़ों की पूजा का अर्थ उनका संरक्षण करना : दादा गुरु

मंडलेश्वर। अखंड निराहार समर्थ सद्गुरु अवधूत संत सिद्ध महायोगी श्री दादा गुरु ने सावन के पहले सोमवार मंडलेश्वर स्थित प्राचीन गुप्तेश्वर मंदिर पहुंचकर भोलेनाथ का अभिषेक किया। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष ने दादा गुरु का स्वागत किया।

दादा गुरु ने मंदिर प्रांगण में पेड़ों की भी पूजा की नगर परिषद अध्यक्ष विश्वदीप मोयदे ने पत्नि जया मोयदे के साथ वट वृक्ष की पूजा की इस अवसर पर दादा गुरु ने भक्तों से आग्रह किया की वे प्रकृति को संरक्षित करने का काम करे। इसलिए पेड़ों की पूजा भी करें पेड़ों की पूजा का तात्पर्य है आप पेड़ पौधे लगाकर उन्हें बड़ा करने का काम करें प्रतिदिन जल अर्पित करें इससे पूजा का फल भी मिलेगा और पेड़ की सुरक्षा भी हो जाएगी। हमें

पर्यावरण को शुद्ध रखना है नदियों का प्रवाह निरंतर रखना है तो पेड़ पौधे लगाकर उन्हें बडा होने तक पानी दे सुरक्षा दे तभी हमारा पर्यावरण शुद्ध रहेगा। पृथ्वी का बढ़ता तापमान भी मानव जनित लापरवाही का परिणाम है यदि हमने धरती को हरियाली की चादर नही ओढ़ाई तो हम अपनी आने वाली पीढ़ी को गर्मी की तपन से बचा नही पाएंगे। इसलिए सभी लोग पेड़ लगाए सावन का महीना इसके लिए सबसे उपयुक्त होता है। इस अवसर पर नर्मदा आरती मंडल के संतोष चौहान रत्नदीप मोयदे सहित प्रकृति प्रेमी उपस्थित रहे।

एक नजर में

बाढ़ में बहे व्यक्ति का 48 घंटे बाद मिला शव

गोगावां। थाना क्षेत्र अंतर्गत समीपस्थ ग्राम घुघरियाखेडी में शहीद राजेंद्र यादव की स्मारक के समीप से बह रही नदी की बाढ़ में गुरुवार रात को गांव का ही 34 वर्षीय संदीप यादव बह गया था लगातार सर्चिंग के बाद जिसका शव चौथे दिन गोवाडी गांव के समीप बालापुर में नदी किनारे झाड़ में अटका हुआ मिला है। सूचना पर गोगावा पुलिस ने देर रात तक लगातार सर्चिंग के बाद शव को खोजने के लिए एनडीआरएफ की रेक्यू टीम को भी बुलाया गया परंतु 45घंटे तक रेक्यु टीम पानी में संदीप के शव की रेक्यू करती रही परंतु सफलता नहीं मिली। रविवार शाम छह बजे के करीब गोवाड़ी गांव के समीप बालापुर में नदी किनारे कुछ गांव के बच्चे बकरी चरा रहे थे तभी नदी किनारे बच्चो को झाड़ में एक व्यक्ति फसा हुआ दिखा जो की मृत था बच्चो ने तत्काल गांव वालो को बताया गांव वालो से सूचना घुघरियाखेड़ी में मृतक के परिजनों तक पहुंचाई गई परिजनों ने तत्काल सूचना गोगावा पुलिस को दी गई तभी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को झाड़ से उतारा गया मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए गोगावा अस्पताल लाया गया जहा सोमवार शव का पीएम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द किया गया है। गोगावा पुलिस जांच में जुटी है।

52वें जन्मदिन पर पं. पंकज मेहता ने बांटे पौधे

महेश्वर। सोमवार को संस्कृत विद्यापीठ के आचार्य तथा विद्वान कथावाचक पंडित पंकज मेहता ने अपने 52वें जन्मदिन पर 52 मातृशक्ति को जामुन के पौधे वितरित करते हुए पौधारोपण की प्रेरणा दी। इस अवसर पर पंडित पंकज मेहता तथा उनके शिष्यों ने सनातन धर्म की परंपराओं के अनुसार जन्मोत्सव मनाते हुए राधा कृष्ण भगवान को विहार करने के साथ ही सत्संग व प्रवचन तथा भंडारे का आयोजन किया। जन्मदिन के अवसर पर पंडित पंकज मेहता ने शिष्यों को संबोधित करते हुए कहा कि मित्र मंडली के माध्यम से हम सब आगे बढ़े हैं लेकिन अध्यात्म और धर्म के क्षेत्र में मित्रों, परिवार जनों और गुरुजनों का सहयोग रहा है और इनके आशीर्वाद और स्नेह के प्रभाव से मैं आज अध्यात्म तथा भगवान स्मरण के क्षेत्र में कार्य कर रहा हूं प्रकृति के प्रति आभार व्यक्त करने का पौधा रोपण सबसे अच्छा माध्यम है इसलिए आप भी अपने जन्मदिन पर पौधारोपण रोपण करते हुए प्रकृति के प्रति आभार माने। इस अवसर पर महेश्वर विधानसभा के विधायक राजकुमार मेव, महेश्वर भाजपा मंडल अध्यक्ष विक्रम पटेल, मंडलेश्वर के हरी प्रसाद अग्रवाल, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष श्रीमती सिंधु जोशी, कवि व अखिल निमाड़ लोक परिषद के अध्यक्ष हरीश दुबे, शिक्षाविद पीके गुप्ता के साथ महेश्वर मंडलेश्वर के अनेक विद्वान जनों ने बधाइयां दी। इस अवसर पर मुस्लिम समाज के पूर्व सदर कादर खान ने श्री मेहता को बधाई देते हैं पुष्प माला व साफा बांधकर उनका सम्मान किया।

4 ग्राम पंचायतों में चौपाल लगाकर सुनी समस्याएं

झिरन्या। चिरिया क्षेत्रीय विधायक झूमा सोलंकी ने विधानसभा क्षेत्र के दौरे के दौरान चिरिया मंडलम की चार ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल लगाकर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया और उनकी समस्याएं सुनीं। विधायक ने जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा करते हुए अपने द्वारा स्वीकृत कराए गए विकास कार्यों की जानकारी ग्रामीणों को दी। इस दौरान प्रथम ग्राम पंचायत मुंडिया में नवनिर्मित सभामंडप का लोकार्पण किया गया। चिरिया पंचायत के ग्राम टोपली में आयोजित चौपाल में बिजली, पानी और रोड से संबंधित समस्याओं का निराकरण किया गया। ग्रामीणों की मांग पर संबंधित कार्य स्वीकृत कर उन्हें आश्वस्त किया गया। इसके पश्चात विधायक ने दामखेड़ा एवं सेमलकूट ग्राम पंचायत में चौपाल के माध्यम से जनसंवाद कर ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण किया। इस अवसर पर झिरन्या ब्लॉक अध्यक्ष बलवीरसिंह भाटिया, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 181 के अजा अध्यक्ष सेठी हिर्वे, मंडलम अध्यक्ष हरदास रंधावे, सरपंच मुंडिया, वरिष्ठ कांग्रेस नेता भुवान सिंह मोरे, जनपद प्रतिनिधि भागचंद बोरकर, बबलू ओहरे, चिरिया सरपंच अनारसिंह मोरे, सुखराम मोरे, सचिव करण वास्कले, पिंटू चौहान, सुनील पगारे, रवि कुशवाह सहित जनप्रतिनिधि, कांग्रेस कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

शुद्ध पेयजल के लिए रोज हो रही पीएच सहित पांच जांचें

कसरावद। नगर पंचायत द्वारा रेहान कंपनी के माध्यम से नगर में किए जाने वाले जल प्रदाय की पांच प्रकार की जांच प्रतिदिन हो रही है। सोमवार को नगर में मटमेला पानी वितरण की खबरों के बाद नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र सिंह यादव के साथ नप के स्वच्छता एवं जलप्रदाय प्रभारी प्रतिनिधि सईद हेडली व पार्षदों ने फिल्टर प्लांट का निरीक्षण किया।

इस दौरान मीडिया कर्मियों से चर्चा में उन्होंने खुलासा किया कि नगर में वितरण किए जाने वाले पेयजल में पी एच सहित टरविटीडी, टीडीएस, क्लोरीन सहित पांच जांच प्रतिदिन की जा रही है, जबकि पांच अन्य जांच सप्ताह में एक बार प्रति सोमवार की जा रही है। ताकि नगर वासियों को शुद्ध जलप्रदाय हो सके। उन्होंने आरोप लगाया कि नगर में मटमेला जलप्रदाय किए जाने को

लेकर कतिपय लोग राजनीतिक द्वेषतावश भ्रामक प्रचार कर रहे हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि नगरवासियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना नगर पंचायत की जिम्मेदारी है। नागरिकों को शुद्ध पेयजल पेयजल वितरण करने के लिए फिल्टर प्लांट पर पर्याप्त एलम एवं ब्लीचिंग पाउडर की व्यवस्था है। विधायक प्रतिनिधि एवं अध्यक्ष प्रतिनिधि यादव ने बताया कि फिल्टर प्लांट छोटी मोटी में तकनीकी खराबी आती रहती है। हाल ही में फिल्टर प्लांट के राइडर का गियर बॉक्स टूटने के कारण वह बंद हो गया था, उसकी खराबी तक प्लांट पर तैनात कर्मचारियों ने हाथ से राइडर घूमा कर मिट्टी साफ की है और नगर वासियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया है। किसी भी नगरवासी ने अब तक नगर पंचायत को शिकायत नहीं की है कि उनके घरों में नल के माध्यम से मटमेला पानी आ रहा है। मीडिया कर्मियों के पूछने पर उन्होंने बताया कि बी आर यू के इंजीनियर भी है, उनके मार्गदर्शन में तकनीकी खराबी आने पर व्यवस्था की जाती है। नगर में पेयजल वितरण में किसी भी प्रकार की कोताही नहीं बढ़ती जाती है। नगर पंचायत पर लगाए जाने वाले आरोप निराधार है।

कबीर लोक कल्याण समिति भीकनगांव का पिपराड़ में पौधारोपण

भीकनगांव। पर्यावरण जागरूकता की दिशा में पृकृति का सरंक्षण अति आवश्यक है। हमें ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाकर उनकी देखभाल कर पेड़ बनाना हैं। क्योंकि कोरोनाकाल हमें आक्सीजन की कमी याद दिलाता है। उक्त विचार के बी मंसारे ने रखे। शासकीय माध्यमिक शाला पिपराड के प्रधान पाठक राजु जाधव ने कहा हम संकल्प लेते हैं कि रोपे गए पौधे एक दिन पेड़ बनकर फल देंगे। इस अवसर पर कबीर लोक कल्याण समिति भीकनगाव की अध्यक्ष डा, प्रतिभा मंसारे, शिक्षक रघुवीर सिंह मंडलोई, प्रिती दुबे अरुण चौहान, छात्राएं रागिनी, तनु, मानसी कामिनी, वंदना क्षमा जिया ऋषिका कविता शिवकन्या, रमेश चक्रवर्ती आदि उपस्थित थे।

संजय नगर से उज्जैन महाकाल के लिए कांवड़ यात्रा रवाना

झिरन्या। श्रावण मास के पावन अवसर पर संजय नगर से भगवान महाकाल के दर्शन एवं जलाभिषेक के लिए शिवभक्तों का कांवड़ यात्रा दल उज्जैन के लिए श्रद्धा और उत्साह के साथ रवाना हुआ। इस यात्रा में शिवा पिता जगदीश एवं गणेश पिता इंदौरी सहित अन्य शिवभक्त शामिल हैं।

रवाना होने से पहले श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना कर सुखद एवं मंगलमय यात्रा की कामना की। पूरे मार्ग में हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालु पवित्र जल लेकर उज्जैन स्थित श्री महाकालेश्वर मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे। श्रावण मास में निकाली जाने वाली कांवड़ यात्रा का विशेष धार्मिक महत्व माना जाता है और इस दौरान बड़ी संख्या में शिवभक्त आस्था के साथ यात्रा करते हैं।

कैलाश धाम से धूमधाम से निकली बाबा जुगाड़ेश्वर महादेव की पालकी यात्रा

झिरन्या। श्रावण मास के प्रथम सोमवार के पावन अवसर पर कैलाश धाम स्थित बाबा जुगाड़ेश्वर महादेव की भव्य पालकी यात्रा श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ निकाली गई। यात्रा कैलाश धाम आश्रम के महंत श्री राघवानंद भारती के दिव्य सानिध्य में संपन्न हुई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भोलेनाथ के जयकारे लगाए।

पालकी यात्रा कैलाश धाम से प्रारंभ होकर त्रिवेणी नगर, पंजाबी मोहल्ला होते हुए प्राचीन भपकेश्वर महादेव मंदिर पहुँची। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं ने भगवान भपकेश्वर महादेव का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की। इसके बाद पालकी यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई पुन: कैलाश धाम आश्रम पहुँची, जहाँ बाबा जुगाड़ेश्वर महादेव की महाआरती के पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की गई। पूरे मार्ग में हर-हर महादेव और जय भोलेनाथ के जयघोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

कैलाश धाम आश्रम समिति के अनुसार श्रावण मास के प्रत्येक सोमवार को बाबा जुगाड़ेश्वर महादेव की पालकी यात्रा निकाली जाएगी। वहीं श्रावण के अंतिम सोमवार को भव्य शिव डोला निकाला जाएगा, जिसमें आकर्षक झांकियां, ढोल-नगाड़े और बाबा की विशेष साज-सज्जा श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगी।

बोल बम के जय घोष से गूंज उठी शिवनगरी महिष्मति

नवभारत न्यूज

महेश्वर। सावन माह के प्रथम सोमवार को शिव नगरी महेश्वर बोल बम के जय घोष से गूंज उठी। नर्मदा तट से लेकर नगर के प्रमुख मार्गो पर हर -हर महादेव तथा जय घोष का नाद ही सुनाई दे रहा था। अवसर था बाणेश्वरी कावड़ यात्रा के संयोजक और इंदौर विधायक गोलू शुक्ला के नेतृत्व में निकलने वाली विशाल कावड़ यात्रा का।

इस दौरान हजारों की संख्या में एकत्र शिव भक्त कंधे पर कावड़ लिए, भगवा धारण किए धर्म ध्वजा के साथ नग्न पांव नर्मदा तट से जल लेकर महादेव की नगरी उज्जैन के लिए प्रस्थान किया। सोमवार की सुबह नर्मदा तट के नाव घाट पर

कावड़ यात्रा के आयोजनकर्ता व इंदौर विधायक गोलू शुक्ला ने विद्वान पंडितों की उपस्थिति में मां नर्मदा का दुग्धाभिषेक किया साथ ही महादेव की पूजा अर्चना करने के पश्चात कावड़ यात्रा उठाई। इस दौरान नगर के विभिन्न साधु संत विद्वजन उपस्थित थे।

यात्रा की शोभा नर्मदा परिक्रमा वासी निराहरि संत दादा गुरु बड़ा रहे थे। इस दौरान कई शिवभक्त कंधों पर कावड़ जुबान पर बोल बम लिए महादेव की भक्ति में मस्त होकर उज्जैन प्रस्थान कर रहे थे। कावड़ यात्रियों का स्वागत नगर व्यापारी संघ के अध्यक्ष अर्जुनसिंह ठाकुर के नेतृत्व में व्यापारियों ने किया वहीं नगर परिषद महेश्वर के उपाध्यक्ष सचिन शर्मा, सीएमओ प्रियंक पंड्या, शैलेंद्र जैन, शेरु अंसारी के साथ अन्य जनप्रतिनिधियों ने किया।

धामनोद रोड पर चौहान हैंडलूम के सुभाष चौहान द्वारा भव्य स्वागत किया गया, नगर परिषद चौराहे पर वाल्मीकि समाज तथा बलाई समाज के द्वारा सभी कावड़ यात्रियों का पुष्प वर्षा करते हुए भव्य स्वागत किया गया। सावन माह की यह पहली कावड़ यात्रा है जो महेश्वर से उज्जैन के लिए निकली। कावड़ यात्रा के दौरान महेश्वर के विधायक राजकुमार मेव, भाजपा मंडल अध्यक्ष विक्रम पटेल, मनोज परमार, धरमपुरी के पुर्व विधायक पांचीलाल मेढा, के साथ कई साधु संत और कावड़िया उपस्थित थे।

वृक्ष हमारी भारतीय संस्कृति के प्राण और देवता : मुजाल्दे

बड़वाह। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के वृक्ष गंगा अभियान के अंतर्गत 320 पौधों का रोपण गौ चिकित्सालय कटघड़ा रोड बड़वाह पर संपन्न हुआ। गायत्री परिवार की संस्थापिका माता भगवती देवी शर्मा के जन्म शताब्दी वर्ष एवं अखंड दीपक के शताब्दी वर्ष के अंतर्गत गांव गांव वृक्षारोपण के तहत वृक्षारोपण संपन्न हुआ। गायत्री परिवार जिला समन्वयक जोगीलाल मुजाल्दे ने वृक्ष गंगा अभियान के बारे में

विस्तार से बताया उन्होंने कहा वृक्ष मनुष्य के लिए बहुत ही आवश्यक है, पर्यावरण संतुलन और प्राणियों के लिए वृक्ष अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा जिला समन्वयक बी एस मंडलोई ने कहा वृक्ष हमारे भारतीय संस्कृति के प्राण है वृक्ष हमें देना सीखते हैं, प्राणियों के लिए उपयोगी सामग्री प्रदान करते हैं। किसनलाल मुकाति ने बताया यह पौधे जो हम लगा रहे हैं इन्हें गायत्री परिवार के साधक पूर्ण वृक्ष बनाने का संकल्प करते हैं। गौ चिकित्सालय संचालिका सोनाली पंवार ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। वृक्षारोपण कार्यक्रम के पूर्व वृक्ष पुष्टि गायत्री महायज्ञ गायत्री परिवार कन्या कौशल की कुमारी खुशी केवट, नूपुर चौहान, माही पटेल ने संपन्न कराया।

वृक्षारोपण कार्यक्रम में मुकेश जाट संजय जाट एवं गायत्री परिवार के साधकों का विशेष सहयोग रहा। जानकी देवी केसरे, तहसील संयोजक मयंक चौहान, धर्मेंद्र मुकाति सहित महिला मंडल प्रज्ञा मंडल के भाई-बहन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

श्रीराम प्रभात फेरी भक्त मण्डल ने पवित्र श्रावण में ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग दर्शन और परिक्रमा की

बड़वाह। पवित्र श्रावण मास के पावन अवसर पर रविवार को शहर के श्री राम प्रभात फेरी भक्त मंडल द्वारा धर्मनगरी ओंकारेश्वर में एक भव्य एवं भक्तिमय आयोजन किया गया। इस धार्मिक यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने देवाधिदेव महादेव के द्वादश ज्योतिर्लिंगों में से एक भगवान ओंकारेश्वर के दर्शन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। दर्शन के उपरांत, भक्तों ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ पवित्र ओंकार पर्वत की परिक्रमा प्रारंभ की। यात्रा के मार्ग में गुंजायमान होते मधुर भजनों और शिव शंभू के जयकारों ने संपूर्ण वातावरण को शिवमय बना दिया। हाथ में मंजीरे, ढोलक की थाप और जुबां पर हरी-हर का नाम ने मन मोह लिया। इस दौरान डॉ गणेश मंडलोई, राकेश भगत्या, मुकेश वर्मा, नरेंद्र बंसोडे, आर.के. सिंह, नवीन दुबे, ओमप्रकाश सुरागे, धनसिंह गोड, महेंद्र तापडिया, राकेश शाह, विश्वनाथ गंगसार, प्रभाकर, तुलसीराम शाह, कुलदीप शाह भक्त मोजूद थे।

घायल छात्र का हाल जानने तीसरे दिन भी नहीं पहुंचे जिम्मेदार

झिरन्या। राजा शंकर शाह-रघुनाथ शाह शासकीय छात्रावास में कक्षा 6 के छात्र रोशन के गंभीर रूप से घायल होने के तीन दिन बाद भी जिम्मेदार अधिकारियों की संवेदनहीनता सामने आई। शनिवार को बाथरूम में गिरने से छात्र के सिर में चोट आई थी और दो टांके लगे थे, लेकिन सोमवार तक न छात्रावास अधीक्षक, न ब्लॉक शिक्षा अधिकारी और न ही जनजातीय कार्य विभाग का कोई अधिकारी छात्र का हाल जानने पहुंचा।

जानकारी अनुसार सोमवार को लगातार बारिश के बीच छात्र की मां उसे करीब 20 किलोमीटर दूर झिरन्या शासकीय अस्पताल लेकर पहुंचीं, जहां ड्रेसिंग की गई। इलाज के दौरान छात्र दर्द से कराहता रहा और उसे चक्कर भी आते रहे।

परिजनों का आरोप है कि घटना के बाद से अब तक किसी अधिकारी ने न तो हालचाल पूछा और न ही कोई सहायता उपलब्ध कराई। मामले में जनजातीय कार्य विभाग की सहायक आयुक्त कविता आर्य ने प्राचार्य को जांच के निर्देश देने की बात कही, जबकि प्राचार्य आर.डी. आब ने बताया कि उन्हें अभी तक कोई निर्देश नहीं मिले हैं। अधिकारियों के विरोधाभासी बयानों ने विभागीय कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

एक नजर — भाजपा सांसद-विधायकों से मांगे जवाब, रैली निकालकर पहुंचे एसडीएम ऑफिस

कांग्रेस ने एसएएफ बटालियन को लेकर चलाया हस्ताक्षर अभियान

खरगोन। खरगोन में विशेष सशस्त्र बल (एसएएफ) बटालियन की घोषणा को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ने भाजपा सरकार और जिले के सांसद-विधायकों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। सोमवार को जिला कांग्रेस अध्यक्ष रवि नाईक के नेतृत्व में श्रीकृष्ण टॉकीज तिराहे पर हस्ताक्षर अभियान चलाया गया।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रैली निकालकर एसडीएम कार्यालय पहुंचते हुए राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा और भाजपा जनप्रतिनिधियों से जवाब मांगा। कांग्रेस का कहना है कि वर्ष 2022 में तत्कालीन

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने खरगोन में एसएएफ बटालियन स्थापित करने की घोषणा की थी, लेकिन चार वर्ष बीत जाने के बाद भी घोषणा सिर्फ कागजों तक सीमित है। दूसरी ओर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा खंडवा में एसएएफ बटालियन की घोषणा किए जाने के बाद खरगोन की जनता असमंजस में है कि आखिर बटालियन खरगोन में बनेगी या खंडवा में। जिला कांग्रेस अध्यक्ष रवि नाईक ने सवाल उठाया कि यदि पूर्व मुख्यमंत्री की घोषणा पर अमल नहीं हुआ तो इसके लिए जिम्मेदार कौन है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार बदलते ही घोषणाओं को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया और खरगोन जिले के साथ लगातार भेदभाव किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिले के भाजपा सांसद और विधायक इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर पूरी तरह मौन हैं और जनता को जवाब देने से बच रहे हैं। रवि नाईक ने कहा कि सांसद और विधायक जनता को स्पष्ट बताएं कि खरगोन की घोषित एसएएफ बटालियन कहां गायब हो गई। सरकार ने जल्द निर्णय नहीं लिया तो कांग्रेस चरणबद्ध आंदोलन छेड़ेगी। भाजपा सांसद और विधायकों का घेराव किया जाएगा। काले झंडे दिखाकर विरोध दर्ज कराया जाएगा। कार्यक्रम में सैकड़ों कांग्रेस पदाधिकारी शामिल रहे।